# एससीआर बनाने की कवायद तेज, कार्यकारी समूह गठित

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से खाली होने के बाद प्रदेश सरकार ने राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के गठन की कवायद को तेज कर दिया है। एनसीआर की तर्ज पर गठित होने वाले एससीआर के गठन के लिए राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के लिए कार्यकारी समूह का गठन कर दिया गया है। इसके लिए अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने शनिवार को शासनादेश जारी कर दिया है। यही समूह दोनों तरह के प्राधिकरणों के गठन के साथ ही विधिक, प्रशासनिक और अन्य मार्गदर्शी सिद्धांतों को तैयार करेगा। इसके आधार पर ही आगे की कार्यवाही होगी।

बता दें कि सीएम योगी के निर्देश पर आवास विभाग द्वारा लखनऊ और आसपास के छह जिलों लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी को मिलाकर एससीआर का गठन किया जा रहा है। कार्यकारी समूह के अध्यक्ष खुद अपर मुख्य सचिव आवास होंगे। उनके अलावा इस समूह

## अपर मुख्य सचिव आवास की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय समूह का हुआ गठन

में मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार केवी राजू समेत 15 सदस्यों को शामिल किया गया है। इनमें मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग को सदस्य संयोजक बनाया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि यह कार्यकारी समूह एससीआर एवं अन्य क्षेत्रों के विकास के लिए दीर्घकालिक व अल्पकालिक निवेश के क्षेत्रों की पहचान करेगा। इसके साथ सार्वजनिक निजी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रों की पहचान करेगा और नीति का निर्धारण करेगा। इसके अलावा अन्य बिंदु जो इसके अधीन आने वाले हो या फिर इसके लिए जरूरी हो उस पर भी विचार करेगा। कार्यकारी समूह द्वारा इन बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार करेगा। इसके आधार पर राज्य राजधानी क्षेत्र के विकास का काम शुरू किया जाएगा। राज्य सरकार का मकसद यूपी में एससीआर तैयार कर उद्योगों के साथ शिक्षा और रोजगार के लिए नया हब तैयार करना है।